IndianOil

64th ANNUAL GENERAL MEETING

# CHAIRMAN'S ADDRESS




*Extraordinary Performance*

*Robust Transition*



# CHAIRMAN'S ADDRESS




**Shrikant Madhav Vaidya,** Chairman

*Members of the IndianOil Family,*

Welcome to IndianOil's 64th Annual General Meeting!

It's my privilege to share with you a snapshot of your Company's performance during the year 2022-23. The achievements and the milestones created during the year resonated with the spirit of endurance, resilience, and excellence displayed by the IOCians, that is now synonymous with Brand IndianOil.

Your Company is firmly committed to be the nation's trusted partner in progress, and the harbinger of India's energy transition journey.

The past year witnessed waves of volatility that rocked the global energy dynamics. Yet, your Company kept its promise of fuelling the nation with unwavering commitment. Tiding over adversities, IndianOil's operational performance, was stellar, as our energy soldiers, catalysed the growth story of a rising India.

## Performance Par Excellence

During the year, your Company registered its highest-ever Revenue from Operations, at ₹ 9,34,953 Crore (Rupees Nine Lakh Thirty-Four Thousand Nine Hundred and Fifty-Three Crore). A net profit of ₹ 8,242 Crore (Rupees Eight Thousand Two hundred and Forty-Two Crore) underscored the spirit of winning against odds.

In fact, your Company stringed another success story in the current fiscal by notching up a net profit of ₹ 13,750 Crore (Rupees Thirteen Thousand Seven Hundred and Fifty Crore) in the first quarter of the current fiscal. This has been IndianOil's highest quarterly profit in a decade.

Our recent triumph of securing the 94th spot in the iconic Fortune Global 500 listing, with an impressive ascent of 48 ranks, reaffirms the spirit of excellence. Your Company has thus consistently made a mark in this global list for the past 28 years now, which is indeed a significant feat.

## Strengthening our Core Values

I strongly believe that lasting organisational success requires an abiding commitment to our values and a strong purpose. The tenet of 'Pehle Indian Phir Oil' or 'nation before business' is infused in our DNA. This is the distinct purpose IndianOil was born with; it shapes our existence and guides our actions. As a natural progression, we added 'Nation-First' to our existing core values of Care, Innovation, Passion, and Trust on 30th June 2023, as we celebrated our First Values Day.

## Steering India's Energy Vision

Looking back, the journey of over six decades, has been deeply fulfilling. As India's energy custodians, your Company has crafted a clear roadmap to drive India's energy destiny. To fuel the rising energy demand of an ascendant India, we are committed to increasing our share in India's energy pie from the current 9% to around 1/8th or 12.5% by 2050.

To achieve the objective, your Company is leveraging varied energy pathways that'll establish IndianOil as a 360-degree energy company. We are well-aligned with the need to ensure equitable energy access and sustainable transition.

## Taking on the Green Mantle

Beyond fuelling, we aspire to be the vitalising force in fulfilling India's resolve to achieve the Net-Zero Goal by 2070. Aligning with these national targets, during the last Annual General Meeting, your Company committed itself to achieving Net-Zero operational emissions by 2046, aiming to mitigate both Scope 1 & 2 emissions.

This declaration is a defining moment in the history of your Company that demonstrates our firm resolve of leading India's energy transition. Our well-crafted blueprint, with a staggered investment plan of about ₹ 2.4 trillion or USD 30 Billion, will take us towards the Net-Zero destination.

I'm delighted to share that in the latest Bloomberg NEF Energy Transition Score for 2023, IndianOil is once again leading the Indian companies. Ranked 23rd among the global oil and gas enterprises, this is a validation of our robust green practices and our rising stature among global peers.

## Powering Progress

As we navigate through the realms of India's green agenda, I must also underline that given India's progress trajectory and geopolitical realities, it is imperative to strengthen our focus on the traditional fuel business. The Indian economy is surging ahead, aiming for the USD 5 Trillion mark by 2025. Reflecting India's robust economic growth, the latest outlook from International Energy Agency has pegged India's energy demand to go up from the current 5 million barrels per day (mbpd) to 7 mbpd by 2030, and about 9 mbpd by 2040.

We have seen how, the tumultuous geopolitical events that unfolded last year led to the rearrangement of the energy baskets of the developed economies, leaning towards conventional fuels. Let me assure you that to ensure India's energy security, we are strengthening the traditional energy avenues, as we shape the green energy vision.

## Expanding footprints of success

Let us delve into the remarkable accomplishments that defined our operational landscape. IndianOil refineries operated at a record capacity utilisation of over 103% and achieved the highest ever crude processing volume of 72.4 Million Metric Tonnes (MMT). We stepped-up the operational efficiency of the refineries, expanded the crude basket to add 36 new crude oil grades and undertook multiple projects to strengthen our core capabilities.

Your Company has formed a JV, 'Cauvery Basin Refinery & Petrochemicals Ltd.', with the subsidiary company CPCL, to establish a 9 MMTPA Cauvery Basin Refinery at Nagapattinam in Tamil Nadu. We are investing over

# CHAIRMAN'S ADDRESS

₹ 1 Lakh Crore for expanding your Company's refining capacity by about 33% to reach almost 107 MMTPA soon.

Your Company continues to drive self-reliance in India's petrochemical sector with strategic investments. Our Petrochemical integration template has been quite fruitful. It can potentially offset business uncertainties and amplify the value of every hydrocarbon molecule. Taking the vision forward, your Company's Board, has accorded Stage-1 approval for the setting-up of Paradip Petrochemical Complex in Odisha. At an estimated cost of over ₹ 61,000 Crore, this will be our single largest investment at a location.

Moving on to the energy highways, IndianOil pipelines achieved a record throughput of over 53 MMT for the crude and 41.7 MMT for the product pipelines. During 2022-23, our network attained a length of over 17,500 Kilometers (Km), and has now increased to about 18500 Km.

Besides being 'The Energy of India', your Company continues to support India's energy partnerships beyond the borders. An agreement was recently inked between India and Nepal to develop Pipeline infrastructure and Storage Terminals in Nepal. We are also collaborating with Italy's Snam, to explore the possibility of converting the existing natural gas pipelines for hydrogen transportation.

Let me now take you through the growth and glory of our extensive Marketing network. We now have over 60,000 customer touch points across the country, that include more than 36,500 fuel stations and over 12,800 LPG distributorships. Additionally, to bolster our presence on India's fast-growing highway networks, we have acquired 41 sites to develop Way Side Amenities (WSA), comprising of 10 sites on the Delhi-Mumbai Expressway. IndianOil's strategically designed large-format fuel stations SWAGAT, are tailor-made to suit the needs of highway travellers are also turning new leaves of customer delight.

It is heartening that our branded fuels have been greeted warmly by the Indian automobile enthusiasts. Our 100 Octane petrol XP100, is now being offered at over 200 retail outlets, 95 Octane petrol XP95 is available at over 10,300 outlets, and the green diesel XtraGreen is being retailed at more than 5,600 outlets.

In LPG, our innovations have extended beyond product customisations. To ensure seamless tracking of Indane cylinders and to promote transparency, and trust among Indane customers, your Company, launched a unique QR code-based 'Track N Trace' pilot initiative.

India's most loved homegrown lubricant brand SERVO is also on an incredible trajectory. In June 2023, your Company's brand ambassador, John Abraham launched two premium lubricants. SERVO Hypersport F5 is a fully synthetic engine oil for motorbikes and SERVO Grease Miracle offers a sustainable, high-performance solution.

Each of these milestones earned by our passionate teams and channel partners, have strengthened our energy leadership.

## Nurturing Green Energy Pathways

As an ambitious, environmentally sensitive 'New India' emerges as a formidable force in the world arena, IndianOil is fuelling the ascent and the transition to clean energy. In August 2022, the Hon'ble Prime Minister inaugurated the 2G Ethanol Plant at Panipat, marking a significant milestone in sustainability.

Your Company is collaborating with leading companies like NTPC Green Energy Limited and SJVN Limited. These partnerships will infuse green power for refinery expansions and enhance our renewable energy bouquet.

IndianOil is reinforcing the hydrogen ecosystem and is developing a 10 kilo tonnes per annum green hydrogen plant at Panipat Refinery. To promote hydrogen mobility, we have set up India's first



Hydrogen dispensing station at our R&D Centre in Faridabad and another station in Gujarat Refinery. Our collaboration with industry leaders like ReNew and Larsen & Toubro Limited will strengthen the nascent green hydrogen ecosystem in India.

Pioneering a path of self-reliance and energy sovereignty, your Company led the efforts of energy PSUs in achieving 10% Ethanol blending in June 2022. On February 6, 2023, E20 was launched by our Hon'ble Prime Minister at select fuel stations and IndianOil has commenced the supply of E20 fuel from 991 fuel stations.

March 12, 2023 was a landmark day when Union Minister of Road Transport & Highways, flagged-off the trials of MD15 (Methanol blended diesel) powered buses in Bengaluru. India's abundant coal reserves can be used for Methanol production and can strengthen India's energy independence.

Taking our environmental stewardship further, IndianOil launched the 'Unbottled' campaign We plan to convert over 100 Million PET bottles annually into uniforms for our on-ground teams, non-combat uniforms for the armed forces, and other stakeholders. During India Energy Week held in February 2023 in Bengaluru, I had the privilege of presenting a sustainable jacket to our Prime Minister. The 'unbottled' apparels are now available at select fuel outlets in Delhi NCR.

IndianOil is also leading the decarbonisation of air travel in India. Marking a historic milestone, the Union Minister for Petroleum & Natural Gas and Housing & Urban Affairs, received India's first commercial flight powered by Sustainable Aviation Fuel (or SAF) in May 2023. To strengthen the ecosystem, an SAF Plant of 86.8 Thousand Metric Tonnes Per Annum (TMTPA) capacity is being set-up at Panipat based on LanzaJet technology.

While we steer India towards a sustainable future, we are right on course to craft a future-ready Company.

In an important development, your Company's Board has approved the formation of a 50:50 Joint Venture in India, with the global energy storage company Sun Mobility, Singapore, for setting up Battery Swapping infrastructure at our fuel stations as well as third party sites across India. Your Company would also be making equity investment in the Sun Mobility Singapore, to ensure our robust presence in the evolving battery swapping and e-mobility ecosystem.

## Championing Social Stewardship

Beyond operations and business, your Company is scripting new chapters in social stewardship. One such critical foray is to strengthen India's fight to eliminate Tuberculosis (TB). We are supporting the Central TB Division, under the Ministry of Health and Family Welfare for TB elimination in Uttar Pradesh, Chhattisgarh, Maharashtra, Uttarakhand, and Haryana. This is aimed at fulfilling the Government of India's vision of eliminating TB by 2025.

Talking about social transformation, your Company has joined hands with State Prison departments, to set up prison outlets named 'Umeed' or Hope. Some of the current and former inmates are being gainfully employed at these outlets, that also includes merchandise stores for goods produced by them. Currently, 46 such fuel stations have been set up across India.

## Fostering Sporting Excellence

Your Company is transforming India's sporting landscape by supporting the talent in realising their dreams. Under the 'IndianOil Acers' programme, 250 scholarships for 20 sports were provided to young players, half of which were for girls. The 'IndianOil Shakti' initiative is supporting 30 girls in Athletics. Raising the first Corporate Women's Hockey Team has been a ground-breaking initiative by Your Company. It delights us that our sports stars have been keeping the India flag fluttering high and earned rich laurels, including the highest national honours.

# CHAIRMAN'S ADDRESS

In a trailblazing move, your Company is strengthening the Paralympic movement in India. IndianOil will drive the 'Road to Paralympics 2024' initiative and sponsor the Indian Para team at the upcoming Hangzhou Asian Para Games-2023, World Shooting Para championships and the Paralympic Games in 2024.

Our landmark social forays, 'Parivartan - Prison to Pride', and 'Nayi Disha - Smile for Juvenile', stand as shining examples of ushering transformation leveraging the power of sports. In just two years, and after six phases of Parivartan and three phases of 'Nayi Disha', we have touched lives of about 4500 inmates in about 105 prisons and correction centres, across 24 states and 5 Union Territories.

The phenomenal impact of 'Parivartan' came to the forefront when the chess team of inmates from Pune's Yerawada Prison secured the first ever medal for India at the Intercontinental Chess for Freedom Championship for Prisoners, organised by the World Chess Federation in 2022. The outreach has also won your Company the coveted Sportstar Aces Award.

## Building a Brighter Tomorrow

We firmly believe that people-centricity is the cornerstone of our blueprint, and a focus on the well-being of our people drives our progress. Genuine well-being must begin with inclusivity. This year, we announced three crucial policy changes for women employees to achieve workplace equity. The focus has been on more flexible and compassionate maternity policies and setting up creche facilities across locations.

To nurture an impeccable safety culture in our workplaces, the first IndianOil Safety Day was observed on October 29, 2022, in Jaipur, and a memorial - 'Smriti Sthal' was inaugurated to pay homage to the precious lives lost.

As we look ahead, we are filled with great optimism for the future. Two days back, the entire nation proudly cheered the historic lunar landing of Chandrayan-3. The moment was indeed a giant leap for India, as it joined the elite league of just four countries to land on the moon, and the first in the world to achieve lunar landing on the moon's unexplored South pole. We are excited about embracing the opportunities to be leveraged as India emerges as a beacon of hope for the world and the humanity at large. Your Company remains committed to driving continued growth and creating value for our stakeholders. The values of a collaborative spirit guide IndianOil and IndianOil People, and we have created a robust ecosystem for preventive vigilance leading to the highest standards of integrity. Your Company complies with the guidelines issued by the Department of Public Enterprises as applicable to public sector undertakings, the details of which are provided in the Corporate Governance Report forming part of the Annual Report.

The voyage has been exciting and challenging in equal measures, but it has also been full of new opportunities. For us, the essence of true achievement lies not in numbers alone, but in the inspired souls, 1.4 Billion Indians who breathe life into those figures, reflecting the spirit of 'Nation-First' in all that we do.

Together, we form an indomitable force united in our quest to illuminate the path of progress for our beloved nation. Let us be the change we want to see in the world and cement our position as the 'Energy of India'.

Thank you for your unwavering trust and support.

Jai Hind!

25th August 2023

**Shrikant Madhav Vaidya**
**Chairman, IndianOil**



# वार्षिक आम बैठक में अध्यक्ष का भाषण - 2023

***इंडियनऑयल परिवार के सदस्यों,***

इंडियनऑयल की 64वीं वार्षिक आम बैठक में आप सभी का स्वागत है!

वर्ष 2022–23 के दौरान आपकी कंपनी के प्रदर्शन की संक्षिप्त विवरण को आपके साथ साझा करना मेरे लिए बड़े सौभाग्य की बात है। वर्ष के दौरान प्राप्त उपलब्धियाँ आईओसियन्स द्वारा प्रदर्शित धैर्य, जुझारूनपन और उत्कृष्टता को प्रतिबिंबित करते हैं जो अब ब्रांड इंडियनऑयल का पर्याय बन गई हैं।

आपकी कंपनी देश की प्रगति में निरंतर विश्वसनीय भागीदार बनी हुई है और भारत की ऊर्जा परिवर्तन यात्रा की अगुआई कर रही है।

पिछले साल अस्थिरता का दौर चला जिसने वैश्विक ऊर्जा के क्षेत्र में उथल–पुथल मचा दी। इसके बावजूद, आपकी कंपनी ने दृढ़ प्रतिबद्धता के साथ देश को ईंधन उपलब्ध कराने के अपने वादे को बखूबी निभाया। विषम परिस्थितियों से जूझते हुए, इंडियनऑयल का परिचालन प्रदर्शन शानदार रहा और हमारे ऊर्जा सैनिकों ने उभरते भारत की विकास गाथा में बहुमूल्य योगदान दिया।

## उत्कृष्ट प्रदर्शन

वर्ष के दौरान, आपकी कंपनी ने परिचालन से अपना अब तक का उच्चतम राजस्व 9,34,953 करोड़ रुपए (नौ लाख चौंतीस हजार नौ सौ तिरपन करोड़ रुपए) दर्ज किया। 8,242 करोड़ रुपए (आठ हजार दो सौ बयालीस करोड़ रुपए) का शुद्ध मुनाफा सभी बाधाओं से पार पाते हुए जीत हासिल करने का प्रमाण है।

वास्तव में, आपकी कंपनी ने चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में 13,750 करोड़ रुपए (तेरह हजार सात सौ पचास करोड़ रुपए) का शुद्ध लाभ अर्जित करके चालू वित्त वर्ष में एक और सफलता की इबारत लिखी है। यह इंडियनऑयल का एक दशक में किसी तिमाही में सबसे अधिक मुनाफा है।

प्रतिष्ठित 'फॉर्च्यून ग्लोबल 500' सूची में 48 रैंक की प्रभावशाली बढ़त के साथ 94वां स्थान हासिल करने की हमारी हाल की जीत उत्कृष्टता की भावना की पुष्टि करती है। इस प्रकार आपकी कंपनी ने पिछले 28 वर्षों से लगातार इस वैश्विक सूची में अपनी पहचान बनाई है, जो वास्तव में एक महान उपलब्धि है।


## हमारे सुदृढ़ मूल मूल्य

मेरा दृढ़ विश्वास है कि संगठन की सफलता को लंबे समय तक बनाए रखने के लिए मूल्यों और उद्देश्यों के प्रति प्रतिबद्धता आवश्यक है। 'पहले इंडियन फिर ऑयल' या 'व्यवसाय से पहले राष्ट्र' की भावना हमारे डीएनए में समाहित है। यह वह उद्देश्य है जिसके साथ इंडियनऑयल का जन्म हुआ था। यह हमारे अस्तित्व को आकार देता है और हमारे कार्यों को निर्देशित करता है। स्वाभाविक रूप से आगे बढ़ते हुए और अपने पहले मूल्य दिवस समारोह का जश्न मनाते हुए हमने संरक्षण, नवपरिवर्तन, लगाव और विश्वास के अपने मौजूदा मूल मूल्यों में 30 जून 2023 को 'सर्वप्रथम राष्ट्र' को जोड़ा है।

## भारत के ऊर्जा विजन का संचालन

पीछे मुड़कर देखें तो छह दशकों से अधिक का सफर बेहद संतोषजनक रहा है। भारत के ऊर्जा संरक्षक के रूप में, आपकी कंपनी ने भारत के ऊर्जा नियति को निर्देशित करने के लिए एक स्पष्ट रूपरेखा तैयार की है। भारत की बढ़ती ऊर्जा मांग को पूरा करने के लिए, हम 2050 तक भारत की ऊर्जा मांग में अपनी हिस्सेदारी मौजूदा 9% से बढ़ाकर लगभग 1/8वां हिस्सा या 12.5% करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

इस उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए, आपकी कंपनी विभिन्न ऊर्जा मार्गों को अपना रही है जो इंडियनऑयल को 360–डिग्री ऊर्जा कंपनी के रूप में स्थापित करेगी। ऊर्जा तक समान पहुंच और स्थायी ऊर्जा परिवर्तन सुनिश्चित करने की आवश्यकता के साथ हम गहराई से जुड़े हैं।



# अध्यक्ष का भाषण

## हरित ऊर्जा का लक्ष्य

ईंधन उपलब्ध कराने के अलावा, हम 2070 तक नेट–जीरो लक्ष्य प्राप्त करने के भारत के संकल्प को पूरा करने में महत्वपूर्ण शक्ति बनने की भी आकांक्षा रखते हैं। इन राष्ट्रीय लक्ष्यों के अनुरूप, पिछली वार्षिक आम बैठक के दौरान, आपकी कंपनी ने स्कोप 1 और 2 दोनों उत्सर्जन को कम करने के लक्ष्य के साथ, 2046 तक नेट–जीरो परिचालन उत्सर्जन प्राप्त करने के लिए खुद को प्रतिबद्ध किया था।

यह घोषणा आपकी कंपनी के इतिहास का एक निर्णायक पल है जो भारत की ऊर्जा परिवर्तन यात्रा को और आगे बढ़ाने के उसके दृढ़ संकल्प को प्रदर्शित करता है। लगभग 2.4 ट्रिलियन रुपए या 30 बिलियन अमेरिकी डॉलर की निवेश योजना के साथ हमारा सुनियोजित खाका हमें नेट–जीरो गंतव्य की ओर ले जाएगा।

मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि 2023 के लिए नवीनतम ब्लूमबर्ग एनईएफ एनर्जी ट्रांजिशन स्कोर में इंडियनऑयल एक बार फिर भारतीय कंपनियों में अग्रणी रहा है। वैश्विक तेल और गैस उद्यमों में इसका स्थान 23वां है, यह हमारी ठोस हरित प्रथाओं और दुनिया भर के देशों के बीच हमारे बढ़ते कद का प्रमाण है।

## सुदृढ़ प्रगति

जैसे–जैसे हम भारत के हरित एजेंडे की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं, मैं यह भी कहना चाहता हूँ कि भारत के विकास पथ और भू–राजनीतिक वास्तविकताओं को देखते हुए, पारंपरिक व्यवसाय पर अपना ध्यान केंद्रित करना अनिवार्य है। भारतीय अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ रही है, जिसका लक्ष्य 2025 तक 5 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर और 2030 तक 10 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर का लक्ष्य हासिल करना है। भारत की मजबूत आर्थिक वृद्धि को देखते हुए, अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी ने भारत की ऊर्जा मांग को मौजूदा 5 मिलियन बैरल प्रति दिन (एमबीपीडी) से 2030 तक 7 एमबीपीडी और 2040 तक लगभग 9 एमबीपीडी तक बढ़ने का अनुमान लगाया है।

हमने देखा है कि कैसे पिछले साल भू–राजनीतिक उथल–पुथल के कारण, विकसित अर्थव्यवस्थाओं को संतुलन बनाने के लिए, अपनी ऊर्जा बास्केट में फिर से पारंपरिक ईंधन को शामिल करते हुए पुर्नव्यवस्थित करना पड़ा। मैं आपको आश्वस्त करता हूँ कि भारत की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए, हम हरित ऊर्जा दृष्टिकोण को आकार देते हुए पारंपरिक ऊर्जा मार्गों को भी सुदृढ़ कर रहे हैं।


## सफलता की ओर बढ़ते कदम

आइए उन उल्लेखनीय उपलब्धियों पर गौर करें जिन्होंने हमारे परिचालन परिदृश्य को परिभाषित किया है। हमारी रिफाइनरियां 103% से अधिक की रिकॉर्ड क्षमता उपयोग पर संचालित हुईं और 72.4 मिलियन मीट्रिक टन (एमएमटी) की अब तक की सबसे अधिक क्रूड प्रोसेसिंग मात्रा हासिल की। हमने रिफाइनरियों की परिचालन दक्षता को बढ़ाया, 36 नए कच्चे तेल ग्रेड जोड़ने के लिए क्रूड बॉस्केट का विस्तार किया और अपनी मूल क्षमताओं को मजबूत करने के लिए कई परियोजनाएं शुरू कीं।

आपकी कंपनी ने नागपट्टिनम, तमिलनाडु में 9 एमएमटीपीए कावेरी बेसिन रिफाइनरी (सीबीआर) स्थापित करने के लिए सहायक कंपनी चेन्नई पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (सीपीसीएल) के साथ एक संयुक्त उद्यम कंपनी, 'कावेरी बेसिन रिफाइनरी एंड पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड' का गठन किया है। 1 लाख करोड़ से अधिक का निवेश कर रहे हैं, आपकी कंपनी की रिफाइनिंग क्षमता को लगभग 33% तक बढ़ा देगा और जल्दी ही लगभग 107 एमएमटीपीए तक पहुंच जाएगा।

आपकी कंपनी रणनीतिक निवेश के साथ भारत के पेट्रोकेमिकल क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को प्रोत्साहित कर रही है। हमारी पेट्रोकेमिकल एकीकरण रूपरेखा काफी फलदायी रही है। यह संभावित रूप से व्यावसायिक अनिश्चितताओं को दूर कर सकती है और प्रत्येक हाइड्रोकार्बन अणु के मूल्य को बढ़ा सकती है। इस दृष्टिकोण को आगे बढ़ाते हुए, आपकी कंपनी के बोर्ड ने ओडिशा में पारादीप पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स की स्थापना के लिए चरण–1 की मंजूरी दे दी है। 61,000 करोड़ रुपए से अधिक की अनुमानित लागत पर, यह किसी भी स्थान पर हमारा सबसे बड़ा निवेश होगा।

इंडियनऑयल पाइपलाइन ने 53 एमएमटी से अधिक कच्चे तेल और 41.7 एमएमटी उत्पाद पाइपलाइनों का रिकॉर्ड थ्रुपुट



हासिल किया है। वित्तीय वर्ष 2022–23 के दौरान हमारा नेटवर्क 17,500 कि.मी. तक पहुंच गया, जो अब बढ़कर 18500 कि.मी. हो गया है।

'भारत की ऊर्जा' होने के अलावा, आपकी कंपनी विदेशों में भी भारत की ऊर्जा साझेदारी को बढ़ावा देना जारी रखे हुए है। नेपाल में पाइपलाइन बुनियादी ढांचे और भंडारण टर्मिनल विकसित करने के लिए भारत और नेपाल के बीच हाल ही में एक समझौता हुआ। हम हाइड्रोजन परिवहन के लिए मौजूदा प्राकृतिक गैस पाइपलाइनों को परिवर्तित करने की संभावना तलाशने के लिए इटली के स्नैम के साथ काम कर रहे हैं।

आइए, अब मैं आपको हमारे व्यापक विपणन नेटवर्क के विकास और वैभव से रूबरू कराता हूँ। अब हमारे पास देश भर में 60000 से अधिक ग्राहक संपर्क बिंदु हैं, जिनमें 36,500 से अधिक ईंधन स्टेशन और 12,800 से अधिक एलपीजी वितरक शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, भारत के तेजी से बढ़ते राजमार्ग नेटवर्क पर अपनी उपस्थिति बढ़ाने के लिए, हमने मार्गों के किनारे सुविधाएं (डब्ल्यूएसए) विकसित करने के लिए 41 साइटों का अधिग्रहण किया है, जिसमें दिल्ली–मुंबई एक्सप्रेसवे पर 10 साइटें शामिल हैं। इंडियनऑयल के रणनीतिक रूप से डिजाइन किए गए बड़े–प्रारूप वाले ईंधन स्टेशन 'स्वागत', राजमार्ग यात्रियों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर बनाए गए हैं, जो ग्राहकों को नई सुविधाएं प्रदान कर रहे हैं।

हमें इस बात की भी खुशी है कि भारतीय ऑटोमोबाइल प्रेमियों ने हमारे ब्रांडेड ईंधन का बड़ी गर्मजोशी से स्वागत किया है। हमारा 100 ऑक्टेन पेट्रोल एक्सपी100, अब 200 से अधिक रिटेल आउटलेट्स पर उपलब्ध है, 95 ऑक्टेन पेट्रोल एक्सपी95 10,300 से अधिक आउटलेट्स पर उपलब्ध है, और ग्रीन डीजल एक्स्ट्राग्रीन 5,600 से अधिक आउटलेट्स पर उपलब्ध है।

एलपीजी में, नए उत्पादों के नव परिवर्तन की दिशा मे आगे बढ़ रहे हैं। इंडेन ग्राहकों के बीच सतत निगरानी, पारदर्शिता और विश्वास सुनिश्चित करने के लिए, आपकी कंपनी ने एलपीजी सिलेंडरों के लिए एक विशेष क्यूआर कोड–आधारित 'ट्रैक एन ट्रेस' प्रायोगिक पहल शुरू की है।

भारत का सबसे पसंदीदा घरेलू लूब्रिकेंट ब्रांड सर्वो भी शानदार पथ पर अग्रसर है। जून 2023 में, आपकी कंपनी के ब्रांड एंबेसडर, जॉन अब्राहम ने दो प्रीमियम लूब्रिकेंट लॉन्च किए। सर्वो हाइपरस्पोर्ट एफ5 मोटरबाइकों के लिए पूरी तरह से सिंथेटिक इंजन ऑयल है और सर्वो ग्रीस मिरेकल एक स्थिर, उच्च प्रदर्शन समाधान प्रदान करता है।

हमारी उत्साही टीमों और चैनल भागीदारों द्वारा अर्जित इन प्रत्येक उपलब्धियों ने हमारे ऊर्जा नेतृत्व को मजबूत किया है।

## हरित ऊर्जा मार्गों का विकास

आज एक महत्वाकांक्षी, पर्यावरण के प्रति संवेदनशील 'न्यू इंडिया' पूरी दुनिया में एक जबरदस्त ताकत के रूप में उभर रहा है, इसमे इंडियनऑयल स्वच्छ ऊर्जा के उत्थान और परिवर्तन को बढ़ावा दे रहा है। अगस्त 2022 में, माननीय प्रधानमंत्री ने पानीपत में 2जी इथेनॉल संयंत्र का उद्घाटन किया, जो स्थिरता लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

आपकी कंपनी एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड और एसजेवीएन लिमिटेड जैसी अग्रणी कंपनियों के साथ मिलकर काम कर रही है। यह साझेदारी रिफाइनरी विस्तार के लिए हरित ऊर्जा का संचार करेगी और हमारे नवीकरणीय ऊर्जा बुके को बढ़ाएगी।

आपकी कंपनी पानीपत रिफाइनरी में 10 किलो टन प्रतिवर्ष की क्षमता वाले ग्रीन हाइड्रोजन संयंत्र का विकास कर रही है। हाइड्रोजन गतिशीलता को बढ़ावा देने के लिए, हमने फरीदाबाद में अपने आरएंडडी केंद्र में भारत का पहला हाइड्रोजन वितरण स्टेशन स्थापित किया है, इसके बाद गुजरात रिफाइनरी में एक स्टेशन स्थापित किया है। रीन्यू और लार्सन एंड टुब्रो लिमिटेड जैसे उद्योग जगत के दिग्गजों के साथ हमारा सहयोग भारत में उभरते हरित हाइड्रोजन पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करेगा।

आत्मनिर्भरता और ऊर्जा संप्रभुता के पथ पर आगे बढ़ते हुए, आपकी कंपनी ने जून 2022 में 10% इथेनॉल मिश्रण प्राप्त करने में ऊर्जा पीएसयू के प्रयासों का नेतृत्व किया। 6 फरवरी, 2023 को हमारे माननीय प्रधानमंत्री द्वारा चुनिंदा ईंधन स्टेशनों

पर ई20 लॉन्च किया गया था और इंडियन ऑयल ने 991 ईंधन स्टेशनों से ई20 ईंधन की आपूर्ति शुरू कर दी है।

12 मार्च, 2023 एक ऐतिहासिक दिन था जब केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री ने बेंगलुरु में एमडी–15 (मेथनॉल मिश्रित डीजल) संचालित बसों के परीक्षण को हरी झंडी दिखाई। भारत के प्रचुर कोयला भंडार का उपयोग मेथनॉल उत्पादन के लिए किया जा सकता है और यह भारत की ऊर्जा स्वतंत्रता को मजबूत कर सकता है।

अपने पर्यावरण प्रबंधन को आगे ले जाते हुए, इंडियनऑयल ने 'अनबॉटल' अभियान शुरू किया। हमारी योजना सालाना 100 मिलियन से अधिक पीईटी बोतलों को हमारी ऑन–ग्राउंड टीमों, सशस्त्र बलों के लिए गैर–लड़ाकू वर्दी और अन्य हितधारकों के लिए वर्दी में बदलने की है। फरवरी 2023 में बेंगलुरु में आयोजित भारत ऊर्जा सप्ताह के दौरान, मुझे हमारे प्रधानमंत्री को यह जैकेट भेंट करने का सौभाग्य मिला। 'अनबॉटल' परिधान अब दिल्ली एनसीआर में चुनिंदा ईंधन आउटलेट्स पर उपलब्ध हैं।

आपकी कंपनी भारत में हवाई यात्रा के डीकार्बोनाइजेशन का भी नेतृत्व कर रही है। एक ऐतिहासिक उपलब्धि के रूप में, केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री ने मई 2023 में स्थायी विमानन ईंधन (एसएएफ) युक्त भारत की पहली वाणिज्यिक उड़ान का स्वागत किया। इस पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने के लिए, पानीपत में लैंजाजेट तकनीक पर आधारित 86.8 हजार मीट्रिक टन प्रति वर्ष (टीएमटीपीए) क्षमता का एक एसएएफ संयंत्र स्थापित किया जा रहा है।

जब हम भारत को एक हरित भविष्य की ओर ले जा रहे हैं, हम भविष्य के लिए तैयार कंपनी बनने की राह पर हैं। एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम में, आपकी कंपनी के बोर्ड ने हमारे ईंधन स्टेशनों के साथ–साथ भारत में तीसरे पक्ष की साइटों पर बैटरी स्वैपिंग बुनियादी ढांचे की स्थापना के लिए वैश्विक ऊर्जा भंडारण कंपनी सन मोबिलिटी, सिंगापुर के साथ भारत में 50–50 संयुक्त उद्यम के गठन को मंजूरी दे दी है। उभरती बैटरी स्वैपिंग और ई–मोबिलिटी इकोसिस्टम में हमारी मजबूत उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए आपकी कंपनी सन मोबिलिटी सिंगापुर में इक्विटी निवेश भी करेगी।

## मजबूत सामाजिक नेतृत्व


संचालन और व्यवसाय के अलावा, आपकी कंपनी सामाजिक प्रबंधन में नए अध्याय का सूत्रपात कर रही है। ऐसा ही एक महत्वपूर्ण प्रयास तपेदिक (टीबी) को खत्म करने के लिए भारत की लड़ाई को मजबूत करना है। हम उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, उत्तराखंड और हरियाणा राज्यों में टीबी उन्मूलन के लिए स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के तहत केंद्रीय टीबी डिवीजन का समर्थन कर रहे हैं। इसका उद्देश्य 2025 तक टीबी को खत्म करने के भारत सरकार के लक्ष्य को पूरा करना है।

सामाजिक परिवर्तन की बात करें तो आपकी कंपनी ने 'उम्मीद' या 'होप' नामक जेल आउटलेट स्थापित करने के लिए राज्य जेल विभागों के साथ अनुबंध किया है। आउटलेट कुछ वर्तमान और पूर्व कैदियों द्वारा संचालित किए जाते हैं तथा कैदियों द्वारा उत्पादित वस्तुओं के लिए व्यापारिक दुकानें भी होंगी। वर्तमान में, पूरे भारत में 46 ऐसे ईंधन स्टेशन स्थापित किए जा रहे हैं।

## खेलों में उत्कृष्टता के लिए प्रोत्साहन

आपकी कंपनी प्रतिभाओं को उनके सपनों को साकार करने में सहायता करके भारत के खेल परिदृश्य को बदल रही है। 'इंडियनऑयल एसर्स' कार्यक्रम के तहत, युवा खिलाड़ियों को 20 खेलों के लिए 250 छात्रवृत्तियां प्रदान की गईं, जिनमें से आधी लड़कियों के लिए थीं। 'इंडियनऑयल शक्ति' पहल एथलेटिक्स में 30 लड़कियों का समर्थन कर रही है। आपकी कंपनी द्वारा पहली कॉर्पोरेट महिला हॉकी टीम का गठन एक अभूतपूर्व पहल रही है। हमें खुशी है कि हमारे खेल सितारे भारत का झंडा ऊंचा रख रहे हैं और सर्वोच्च राष्ट्रीय सम्मान सहित ढेर सारी ख्याति अर्जित कर रहे हैं।

एक अग्रणी कदम के रूप में, आपकी कंपनी भारत में पैरालंपिक अभियान को मजबूत कर रही है। इंडियनऑयल 'रोड टू पैरालंपिक 2024' पहल चलाएगा और आगामी हांग्जो एशियाई पैरा गेम्स–2023, विश्व शूटिंग पैरा चैंपियनशिप और 2024 में पैरालंपिक खेलों में भारतीय पैरा टीम को प्रायोजित करेगा।



हमारे ऐतिहासिक सामाजिक प्रयास, 'परिवर्तन – प्रिजन टू प्राइड', और 'नई दिशा – स्माइल फॉर जुवेनाइल' – खेल की शक्ति का लाभ उठाकर परिवर्तन की शुरुआत करने का एक शानदार उदाहरण हैं। केवल दो वर्षों में, और परिवर्तन के छह चरणों और 'नई दिशा' के तीन चरणों के बाद, हमने 24 राज्यों और 5 केंद्र शासित प्रदेशों की लगभग 105 जेलों और सुधार केंद्रों में लगभग 4500 कैदियों के जीवन को बदला है।

'परिवर्तन' का अभूतपूर्व प्रभाव तब सामने आया जब पुणे की यरवदा जेल के कैदियों की शतरंज टीम एफआईडीई (विश्व शतरंज महासंघ) द्वारा 2022 में आयोजित कैदियों के लिए इंटरकांटिनेंटल शतरंज फॉर फ्रीडम ऑनलाइन चौंपियनशिप में कांस्य पदक हासिल करने वाली पहली भारतीय टीम बनकर उभरी। इस पहल ने आपकी कंपनी को प्रतिष्ठित स्पोर्टस्टार एसेस पुरस्कार भी दिलाया है।

## उज्जवल कल का निर्माण

इंडियनऑयल में, हमारा दृढ़ विश्वास है कि जन–केंद्रितता हमारे ब्लूप्रिंट की आधारशिला है और हमारे लोगों के कल्याण को ध्यान में रखने से यह हमारी प्रगति को प्रेरित करता है। वास्तविक कल्याण की शुरुआत समावेशिता से होनी चाहिए। इस वर्ष, हमने महिला कर्मचारियों के लिए अधिक लचीली और उदार मातृत्व नीतियों और विभिन्न स्थानों पर क्रेच सुविधाओं की स्थापना पर ध्यान केंद्रित किया और कार्यस्थल समानता हासिल करने के लिए तीन महत्वपूर्ण नीतिगत बदलावों की घोषणा की।

हमारे कार्यस्थलों में त्रुटिहीन सुरक्षा संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए, पहला इंडियनऑयल सुरक्षा दिवस 29 अक्तूबर, 2022 को जयपुर में मनाया गया और खोए हुए बहुमूल्य जीवन को श्रद्धांजलि देने के लिए 'स्मृति स्थल' स्मारक का उद्घाटन किया गया।

जब हम भविष्य की ओर देखते हैं, तो हम भविष्य के प्रति आशावान हैं। दो दिन पहले, पूरे देश ने चंद्रयान–3 की ऐतिहासिक सॉफ्ट लैंडिंग पर गर्व से खुशी मनाई। यह क्षण वास्तव में भारत के लिए एक बड़ी छलांग थी, क्योंकि चंद्रमा के अज्ञात दक्षिणी ध्रुव पर सॉफ्ट लैंडिंग हासिल करने वाला दुनिया का पहला देश बन गया तथा भारत चंद्रमा पर उतरने वाले केवल चार देशों की विशिष्ट लीग में शामिल हो गया। हम सीमित संसाधनों के बावजूद अवसरों का लाभ उठाते हुए इस मुकाम पर पहुंचे है कि भारत दुनिया और समग्र मानवता के लिए आशा की किरण के रूप में उभर रहा है। आपकी कंपनी निरंतर विकास की दिशा मे अपने हितधारकों और समुदायों के लिए मूल्य सृजन के लिए प्रतिबद्ध है। सहयोग करने की भावना इंडियनऑयल और इंडियनऑयल के लोगों का मार्गदर्शन करते हैं, और हमने निवारक सतर्कता के लिए एक ठोस पारिस्थितिकी प्रणाली बनाई है ताकि सत्यनिष्ठा के उच्चतम मानक निर्धारित हो सकें। आपकी कंपनी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों पर लागू लोक उद्यम विभाग द्वारा जारी दिशा–निर्देशों का अनुपालन करती है, जिनका विवरण वार्षिक रिपोर्ट का हिस्सा बनने वाली कॉर्पोरेट गवर्नेंस रिपोर्ट में दिया गया है।

यह सफर समान रूप से रोमांचक और चुनौतीपूर्ण रहा है, लेकिन यह नए अवसरों से भी लबरेज है। हमारे लिए, सच्ची उपलब्धि का सार केवल आंकड़े हासिल करना नहीं है, बल्कि हम लोगों को प्रेरित करने में खुशी महसूस करते हैं, 1.4 बिलियन भारतीय जो उन आंकड़ों में जीवन फूंकते हैं, हम सभी में 'सर्वप्रथम राष्ट्र' की भावना को दर्शाते हैं।

साथ मिलकर, हम एक अदम्य शक्ति का निर्माण करते हैं जो अपने प्यारे राष्ट्र के लिए प्रगति का मार्ग प्रशस्त करने के प्रयास में एकजुट हैं। आइए, हम वह बदलाव बनें जो हम दुनिया में देखना चाहते हैं और 'भारत की ऊर्जा' के रूप में अपनी स्थिति मजबूत करें।

आपकी अटल आस्था और समर्थन के लिए धन्यवाद।

जय हिन्द!

एस.एम. वैद्य

25 अगस्त 2023

**श्रीकांत माधव वैद्य**
अध्यक्ष, इंडियनऑयल





IndianOil

**Indian Oil Corporation Limited**

Registered Office : IndianOil Bhavan, G-9, Ali Yavar Jung Marg,
Bandra (East), Mumbai-400051, Maharashtra

/IndianOilCorpLimited /IndianOilcl /indianoilcorporationlimited /indianoilcorp

www.iocl.com